नव भारत
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




# डबल इंजन सरकार से विकास को गति

**भोपाल, 14 जनवरी. मध्यप्रदेश केमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि केन्द्र और राज्यों की डबल इंजन सरकार के प्रभावी समन्वय की वजह से अब देश और प्रदेशों में बुनियादी ढांचा विकास को गति मिल रही है.**

डॉ यादव ने अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) और प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) प्लेटफार्म की शुरुआत होने से देश में अटकी हुई निवेश परियोजनाओं को फिर से सक्रिय किया है. इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 'प्रगति' को लेकर एक प्रजेंटेशन भी दिया. पत्रकार वार्ता में जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राघवेंद्र सिंह और पत्र सूचना कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मनीष गौतम भी मौजूद थे. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रारंभ हुई इस संस्थागत व्यवस्था से केंद्र और राज्य के सभी हितग्राहियों को एक मंच पर लाकर निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में तेजी आयी है. प्रो-एक्टिव गवर्नेंस से देश में दशकों से लम्बित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना संभव हुआ है.

डॉ यादव ने पत्रकारों के समक्ष केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार के प्रभावी समन्वय के परिणाम स्वरूप प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की उपलब्धियों को साझा किया. उन्होंने बताया कि



मध्यप्रदेश को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 209 बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली है. इनमें से 2 लाख 61 हजार 340 करोड़ रुपयों के निवेश वाली 108 केंद्रीय विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और अभी 5 लाख 24 हजार 471 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 101 परियोजनाएं क्रियान्वयन के अधीन हैं. केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश ने 97 प्रतिशत सफलता हासिल की है. इन परियोजनाओं में रेल मंत्रालय की 14, सड़क परिवहन मंत्रालय की 13, विद्युत मंत्रालय की 5 और नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर वन्यजीव पर्यटन योजनाओं को आगे बढ़ा रही हैं. कूनो नेशनल पार्क में चीतों को सफलतापूर्वक बसाया जा चुका है. इसके अलावा धार के पीएम मित्र पार्क से कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा.

( शेष पेज 12 पर )

### मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क स्थापित

डॉ. यादव ने कहा कि रेलवे की 285 किलोमीटर लम्बी जबलपुर-गोंदिया गेज परिवर्तन परियोजना से अब मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सीधा और अधिक क्षमता वाला रेल संपर्क स्थापित हो गया है. इससे प्रदेश के जबलपुर, बालाघाट, मंडला, सिवनी जिले की कनेक्टिविटी नागपुर, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से बढ़ गई है. प्रदेश को 18.5 हजार करोड़ रुपए की लागत की इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन की सौगात भी मिली है. इसका लाभ उज्जैन को भी मिलेगा.



**पोंगल समारोह में शामिल हुए पीएम**

**नई दिल्ली, 14 जनवरी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुए. उन्होंने देश के लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दीं.

## भारत ने अपने नागरिकों से कहा-ईरान तुरंत छोड़ें

**नई दिल्ली, 14 जनवरी.** ईरान में दिनों-दिन हालात खराब होते जा रहे हैं. बिगड़ते हालातों को देखते हुए भारत ने बुधवार को एक एडवायजरी जारी की है. इसमें ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द हिंसा प्रभावित देश छोड़ने को कहा है. तेहरान स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी एडवायजरी में बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और विरोध प्रदर्शनों को कारण बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला दिया गया है. भारतीय अधिकारियों ने नागरिकों को सतर्क रहने और अशांति वाले इलाकों से बचने का अनुरोध किया है. दूतावास ने दोहराया कि ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए और किसी भी घटनाक्रम के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखनी चाहिए.

## सिंगापुर कोर्ट ने पलटी कहानी, जुबिन गर्ग की मौत नशे से हुई थी



**सिंगापुर 14 जनवरी।** मशहूर गायक जुबिन गर्ग की रहस्यमयी मौत को लेकर सिंगापुर की कोरोनर कोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस मामले को असम पुलिस ने साजिशन हत्या बताया था, उस पर सिंगापुर पुलिस की रिपोर्ट ने बिल्कुल अलग तस्वीर पेश की है। कोर्ट में पेश गवाहियों और मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुबिन की मौत नशे और लापरवाही का नतीजा थी। कोरोनर कोर्ट को बताया गया कि 19 सितंबर 2025 को जुबिन गर्ग सिंगापुर के लाजरस आइलैंड के पास एक यॉट पार्टी में शामिल थे। अगले दिन उन्हें नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करना था। जांच अधिकारी के मुताबिक, जुबिन उस वक्त बेहद नशे की हालत में थे और उन्होंने लाइफ जैकेट पहनने से मना कर दिया था। गवाहों ने बताया कि उन्होंने पहले लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया।

